**2. अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए जिसमें परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने पर उसे बधाई दी गई हो।**

परीक्षा भवन

नई दिल्ली

दिनांक: 17 मई, 20XX

प्रिय राकेश

शुभाशीष

तुम्हारा पत्र मिला जिसे पढ़कर मन अत्यंत आनंदित हो उठा। परीक्षा में शानदार सफलता पर तुम्हें बधाई। मैं जानता हूँ तुमने वर्षभर खूब मन लगाकर जो पढ़ाई की थी यह उसी का परिणाम है। मुझे उम्मीद है कि तुम भविष्य में भी परिश्रम करते रहोगे तथा अपने गुरुजनों एवं बड़ों के आशीर्वाद से इसी प्रकार सदा अच्छे अंक प्राप्त करते रहोगे। तुम नहीं जानते तुम्हारे इस परिणाम से माता-पिता कितने खुश हैं। भगवान तुम्हें स्वस्थ एवं प्रसन्न रखें, यही कामना है।

शुभकामनाओं सहित

तुम्हारा अग्रज

क०ख०ग०

**3. अपने मित्र के जन्म-दिवस के अवसर पर उसे बधाई-पत्र लिखिए।**

परीक्षा भवन

नई दिल्ली

दिनांक: 15 दिसंबर, 20XX

प्रिय रवि

नमस्कार

तुम्हारा निमंत्रण-पत्र आज की डाक से मिला। मुझे यह जानकर अत्यंत हर्ष हुआ कि गत वर्ष की भाँति इस बार भी तुम अपना जन्म-दिवस बड़ी धूमधाम से मना रहे हो।

मेरी ओर से तुम्हें बहुत-बहुत बधाई। मैं भगवान से तुम्हारे स्वस्थ रहने और शतायु होने की कामना करता हूँ। मैं इस अवसर पर अवश्य आऊँगा।

घर में बड़ों को प्रणाम तथा छोटों को प्यार।

तुम्हारा शुभचिंतक

क०ख०ग०

Scanned with CamScanner

**5. प्रधानाचार्य को वृद्धाश्रम जाने की अनुमति हेतु पत्र लिखिए।**

सेवा में

प्रधानाचार्य जी,

निरंकारी पब्लिक स्कूल,

नई दिल्ली।

**विषय**–वृद्धाश्रम जाने की अनुमति हेतु।

महोदय,

निवेदन यह है कि हम कक्षा आठवीं के विद्यार्थी दीपावली के अवसर पर वृद्धाश्रम जाना चाहते हैं। हमारी इच्छा है कि इस त्योहार के अवसर पर हम वृद्ध व मजबूर लोगों को फल, मिठाइयाँ, कपड़े व शुभकामनाएँ देकर उन्हें थोड़ी खुशी प्रदान कर सकें। यदि आप हमारे इस विचार को सही समझें तो कृपया हमें जाने की अनुमति दीजिए। हम सदा आपके आभारी रहेंगे।

धन्यवाद!

प्रार्थी

कक्षा आठवीं के विद्यार्थी

दिनांक 1 मार्च, 20···

Scanned with CamScanner